# LAMRIN TECH SKILLS UNIVERSITY PUNJAB

Prof. B.S. Satyal
Registrar
registrar@ltsu.ac.in
01881-270693, +91 94170 -22131

Ref. No. LTSU/RG/2025/108
Date 11-07-2025

To,
**बी.टेक. सीएसई (आईबीएम) 2023 के छात्रगण,**
**लैमरीन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पंजाब**

**प्रिय छात्रों,**

दिनांक 10 जुलाई 2025 को एक बैठक आयोजित की गई थी।

बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर विचार किया गया और आपको सूचित किया जाता है:

- आईबीएम ने यह पुष्टि की है कि वह लैमरीन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पंजाब के साथ उसी प्रकार से जुड़ा रहेगा जैसा कि कार्यक्रम की शुरुआत के समय सहमति बनी थी। इस संबंध में आईबीएम की ओर से छात्रों को एक आधिकारिक ईमेल भेजी गई है।
- लैमरीन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पंजाब, शिक्षा की गुणवत्ता व प्लेसमेंट ड्राइव सहित सभी शैक्षणिक गतिविधियों को पूर्ण रूप से सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- B.Tech. CSE (IBM) 2023 छात्रों द्वारा शुल्क भुगतान की वर्तमान प्रणाली यथावत् बनी रहेगी और जब तक छात्रों को ₹5.00 लाख प्रति वर्ष या उससे अधिक के पैकेज पर प्लेसमेंट नहीं मिल जाता, तब तक उन्हें ऋण राशि चुकाने की आवश्यकता नहीं है।
- यह हमारे संज्ञान में आया है कि विश्वविद्यालय परिसर से बाहर के कुछ लोगों द्वारा छात्रों तक भ्रामक जानकारी पहुँचाई जा रही है। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसी किसी भी जानकारी पर विश्वास न करें। किसी भी प्रकार का विकास या परिवर्तन केवल विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा ही छात्रों को सूचित किया जाएगा। किसी भी शंका की स्थिति में छात्र प्रो. (डॉ.) एच.पी.एस. धामी, कार्यकारी डीन, एलटीएसयू से संपर्क करें।
- छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपने कौशल विकास और शैक्षणिक पाठ्यक्रम की पूर्णता पर ध्यान केंद्रित करें।
- जैसा कि पहले ही सूचित किया जा चुका है, शैक्षणिक सत्र 21 जुलाई 2025 से प्रारंभ हो रहा है। छात्रगण अपनी उपस्थिति की योजना उसी अनुसार बनाएं। जल्दी आने से परिसर में चल रहे मरम्मत कार्यों के कारण असुविधा हो सकती है।
- **यह भी स्पष्ट किया जाता है कि कुलाधिपति (Chancellor) में परिवर्तन का विश्वविद्यालय के कार्य संचालन या छात्रों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।**

11/07/2025
(रजिस्ट्रार)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को जानकारीर्थ प्रेषित:

- माननीय कुलाधिपति महोदय का कार्यालय
- कुलपति महोदय का कार्यालय

LAMRIN TECH SKILLS UNIVERSITY PUNJAB LTSU

Sd-
(रजिस्ट्रार)